# बालोतरा के डोली गांव में जोजरी नदी बचाओ रैली निकाली

## रैली में पहुंचे सांसद हनुमान बेनीवाल, कलेक्ट्रेट के आगे धरने पर बैठे

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा जिले के डोली गांव में आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में जोजरी नदी बचाओ रैली निकाली गई। रात को तीन बजे डोली से हनुमान बेनीवाल ने अपने समर्थकों के साथ बालोतरा कलेक्ट्रेट पर कूच किया। कलेक्ट्रेट के आगे धरने पर बैठ गए। थोड़ी देर बाद कलेक्टर और एसपी ने धरना स्थल पर आकर उनका मांग पत्र लिया। प्रशासन व सरकार स्तर पर जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। सुबह साढ़े तीन बजे बेनीवाल ने धरना समाप्त किया।

जानकारी के अनुसार डोली-अराबा-कल्याणपुर समेत आसपास के गांवों में प्रदूषित पानी के स्थाई समाधान करने व वैकल्पिक तौर पर समाधान की मांग को लेकर आरएलपी सुप्रीमो अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ धरना दिया। रात दस बजे तक अलग-अलग दौर में हुई वार्ता के बाद मांगों पर सहमति नहीं बन पाई। रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल धरनास्थल पर ही बैठे रहे। सांसद हनुमान बेनीवाल ने प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन से वार्ता के लिए भेजा। कई दौर की वार्ता हुई। इस दौरान सांसद ने कहा कि वार्ता के बाद तय करेंगे कि हमारा कूच बालोतरा कलेक्ट्रेट होगा या फिर जोधपुर कमिश्नरेट। रविवार देर रात करीब 1.30 बजे हनुमान बेनीवाल सैकड़ों समर्थकों के साथ डोली से बालोतरा जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए।

ुबह दो बजे कलेक्ट्रेट पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और घेराव किया। माहौल देर रात भी आक्रोश और विरोध से गूंजता रहा। सूचना मिलते ही कलेक्टर सुशील कुमार यादव और एसपी रमेश कुमार मौके पर पहुंचे। करीब आधे घंटे चली वार्ता के दौरान रालोपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वार्ता के बाद सहमति बनी कि फिलहाल गंदे पानी की आवक तुरंत रोकी जाएगी, नए पानी की सप्लाई बंद होगी और स्थायी समाधान के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर निस्तारण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही बेनीवाल ने अनिश्चितकालीन धरना समाप्त करने की घोषणा की।

जोधपुर जिले की फैक्ट्रियों का दूषित पानी विगत 16 सालों से जोजरी के रास्ते बालोतरा जिला के डोली कलां, डोली राजगुरां, साहिबनगर, डोली खुर्द, अराबा दुदावतां, अराबा चैहान, अराबा पुरोहितान, निम्बाखेड़ा, अराबा नागणेचा, कल्याणपुर, सीतली, धतरवालों की ढाणी गांवों व खेतों में प्रवाहित हो रहे दूषित पानी से जनजीवन व पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर क्षति पहुंचा रहा है। दूषित पानी धवा, डोली, अराबा, कल्याणपुर क्षेत्र के गांवों में आ रहा है। इस रसायनिक दूषित पानी की पूर्ण रोकथाम की व्यवस्था निर्धारित समय में की जाए। जोजरी नदी में दूषित रसायनिक पानी को छोड़ने वाली समस्त औद्योगिक ईकाईयों पर बीएनएस की धारा 279 व अन्य धाराओं में कार्रवाई की जाए समेत विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।



कलेक्टर और एसपी ने धरना स्थल पर पहुंचकर हनुमान बेनीवाल का धरना समाप्त कराया।

- कलेक्टर और एसपी ने धरना स्थल पर आकर मांग पत्र लिया, प्रशासन व सरकार स्तर पर जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया, इसके बाद हनुमान बेनीवाल ने धरना समाप्त किया

# अवैध खनन पर कार्रवाई, चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** बौंली पुलिस ने चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध बजरी खनन, परिवहन एवं अवैध देशी शराब के खिलाफ बौंली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है एवं अवैध देशी शराब के 56 पव्वों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि थाना प्रभारी राधा रमन गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल उप निरीक्षक राजेंद्र गिरी, सहायक उप निरीक्षक मुरारीलाल एवं हैड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह की अलग-अलग गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी खनन व परिवहन कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को ग्राम जटावती, हरषोता व जलालपुरा से चार ट्रैक्टर-ट्रालियों को अवैध बजरी के साथ जब्त कर बौंली थाने में खड़ा करवाया। कार्रवाई के दौरान चालक आरोपी लेखराज गुर्जर निवासी पीपलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। अन्य चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। वहीं बौंली पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम कोडियाई से आरोपी सरोज कुमार मीणा निवासी पीलूखेड़ा खुर्द थाना मित्रपुरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी शराब जब्त कर आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया है।

- एक आरोपी को गिरफ्तार किया, अन्य फरार हो गये
- वहीं अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया



बौंली पुलिस ने चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त करने की कार्रवाई की।

# चूड़ा कारोबारी ने दुकान में फांसी लगाई, मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर के एक चूड़ा कारोबारी ने संदिग्ध परस्थितियों में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना सदर बाजार स्थित उनकी दुकान में हुई। घटना का पता तब चला जब उनका बेटा दुकान पर पहुंचा। शव को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले की जांच हैड कांस्टेबल महावीर प्रसाद को सौंपी गई है।

कोतवाली के ड्यूटी अधिकारी हैड कांस्टेबल कृष्णलाल भारी ने बताया कि चेताली एन्कलेव निवासी 63 वर्षीय रणवीर मिढ़ा का सदर बाजार में राधे राधे जनरल स्टोर के नाम से चूड़ा का कारोबार है। उनके बेटे नीरज मिढ़ा ने परिवाद देकर मर्ग दर्ज करवाई है। बेटे के अनुसार उनके पिता हमेशा की तरह सुबह करीब नौ बजे घर से दुकान के लिए रवाना हुए थे। दोपहर 12 बजे तक उनको फोन किए तो रिप्लाई नहीं आया। इस पर वह दुकान पहुंचा। दुकान की प्रथम मंजिल में पंखे पर फंदा लगाकर पिता लटकते दिखाई दिए। इस पर उनको फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस बीच चर्चाओं में आया कि व्यापारी रणवीर मिढ़ा की ओर से एक सुसाइड नोट भी लिखा गया है। लेकिन इस संबंध में कोतवाल पृथ्वीपाल भाटी ने कहा कि उनके पास परिवार की ओर से ऐसी कोई जानकारी न तो लिखित में दी है न ही सुसाइड नोट सौंपा है।

दूसरी ओर ड्यूटी अधिकारी हैड कांस्टेबल कृष्णलाल भारी ने भी बताया कि उनके सामने परिजनों की ओर से ऐसा कोई तथ्य नहीं लाया गया। बेटे ने मर्ग दर्ज करने को परिवाद दिया था। मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम करवा दिया तलाशी में हमें शव से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला और न ही परिवार की ओर से सौंपा गया है।

- चर्चा है कि व्यापारी की ओर से एक सुसाइड नोट भी लिखा गया है

# सेब से भरे कार्टनों का गबन करने वाला चालक गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** ट्रक मालिक ने सेबों से भरे कार्टनों का गबन कर ट्रक को पलटा बताकर व्यापारी को कॉल कर बताया कि ट्रक के पलटने के बाद ग्रामीण सारा गेहूं लूटकर ले गए हैं। इसके बाद व्यापारी ने भाबरु थाना पुलिस थाने पहुंच शिकायत की।

भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने बताया कि राहुल पुत्र राधेमोहन निवासी सुविधा कुंज प्रीतमपुरा थाना मंगोलपुरी जिला नॉर्थ दिल्ली ने भाबरु थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया था कि 13 अगस्त को 713 सेबों से भरे कार्टूनों का ट्रक पराला मंडी हिमाचल प्रदेश से बैंगलोर के लिए रवाना किया था। जिसके बाद 16 अगस्त को ट्रक मालिक तौफीक ने फोन कर बताया कि ट्रक पलट गया है व सेब के कार्टूनों को आसपास के लोग उठ कर ले गए।

सूचना के बाद मौके पर सर्वेयर को भेजा गया, जहां ट्रक में सेब के 180-190 कार्टून ही होना पाया गया। बाकी का माल नहीं मिला ज्यों कि ट्रक मालिक द्वारा खुर्द बुर्द कर दिया गया। जिस पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इस पर भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी का पीछा करते हुए मुलजिम तौफीक खान पुत्र अजीम खान निवासी मिर्जापुर थाना किशनगढ़ को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी चालक द्वारा गबन किए हुए 523 कार्टून सेबों से भरे हुए तथा घटना में प्रयुक्त वाहन टक जप्त किया गया। जप्तशुदा सेब के कार्टून तथा ट्रक की बाजार की कीमत 60 लाख रुपए है।

- सेब से भरे 523 कार्टन बरामद कर ट्रक भी जब्त किया

# राज्य सरकार की मदद से छोगालाल का खेत हुआ समृद्ध

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार के नेतृत्व में राज्य सरकार के अंतिम छोर पर खड़े असहाय व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़कर उनकी प्रगति एवं विकास का लक्ष्य अब धरातल पर साकार होते हुए नजर आ रहा है। जिले की शाहपुरा तहसील के मालखेड़ा निवासी छोगालाल कुमावत ने अपने संघर्षों के मध्य राज्य सरकार के माध्यम से प्राप्त सहायता के जरिए लाभान्वित होने की अपनी सफलता की कहानी को स्वयं साझा किया है।

छोगालाल ने बताया कि उनके खेत पर सिंचाई का कोई स्त्रोत नहीं होने व सिचाई की व्यवस्था नहीं होने से उपजाऊ खेत होने के बाद भी वे रबी फसल में कोई उत्पादन नहीं होने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा था। जिले में कृषि विभाग में पदस्थापित कृषि पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार मीणा के सम्पर्क में आने पर उन्हें खेत पर खेत तलाई का निर्माण कर वर्षा जल संग्रहण का सुझाव दिया गया। खेत तलाई अनुदान आवेदन की सलाह मिलने के पश्चात छोगालाल द्वारा खेत तलाई आवेदन पश्चात पूर्व सत्यापन व प्रशासनिक स्वीकृति जारी हुई जिसके बाद उन्होंने खेत पर खेत तलाई का निर्माण कराया, जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा उन्हें 63 हजार रू. का अनुदान भी प्रदान किया गया। इस वर्ष वर्षा से उनके खेत पर खेत तलाई पूर्ण रूप से भर चुकी है।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता के पिता ने विराटनगर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिस पर विराटनगर थाना प्रभारी सोहन लाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पोक्सो एक्ट में अभियुक्त मुकेश उर्फ ग्यारसीलाल उर्फ गोरख्या पुत्र मानाराम बावरिया की गहनता से तलाश की जाकर गिरफ्तार किया गया। वहीं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि 13 अगस्त को एक परिवादी ने मामला दर्ज करवाया था कि अभियुक्त मुकेश उर्फ ग्यारसीलाल उर्फ गोरख्या व उसकी पुत्री पहाड़ी पर बकरियां चराने जाते हैं। 13 अगस्त को अभियुक्त मुकेश उर्फ ग्यारसीलाल उर्फ गोरख्या ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया व पहले भी 5-7 बार दुष्कर्म कर चुका है। जिस पर पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

- 13 अगस्त को एक परिवादी ने मामला दर्ज करवाया था

# अस्पताल के दरवाजे पर हुई बुजुर्ग की मौत

## अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं होने पर पत्नी ने बेबसी जताई

**कोटा, (निसं)।** मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। यह बुजुर्ग बीते एक महीने से अस्पताल परिसर में ही अपनी पत्नी के साथ लावारिस के तौर पर रह रहा था। मौत के बाद पत्नी का कहना है कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार कैसे करवाए, क्योंकि उसके पास पैसे भी नहीं है और न हीं वह लोगों को जानती है। इसके साथ ही उसने अपने बेटे पर भी घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। इसके बाद जनसहयोग के जरिए अंतिम संस्कार करवाने की तैयारी शुरू की गई।

मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल की चौकी के कॉन्स्टेबल राजकुमार स्वामी का कहना है कि बारां जिले के नारेडा निवासी गोपाल यादव और उसकी पत्नी लीलाबाई बीते एक महीने से अस्पताल परिसर में ही लावारिस की तरह रह रहे थे। जैसे-तैसे ही भोजन का जुगाड़ करके यहां पर दिन निकाल रहे थे। गोपाल यादव को टीबी था ऐसे में उसे अस्पताल में कई बार भर्ती भी करवाया गया। अस्पताल में उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया जाता था। इसके बाद भी वे अस्पताल परिसर को नहीं छोड़ रहे थे। उन्हें अस्पताल परिसर से जाने के लिए भी कहा गया था और आर्थिक मदद की बात भी कही गई थी लेकिन बाद में वह नहीं गए। आज अस्पताल में गेट नंबर चार इमरजेंसी के बाहर गोपाल यादव की मौत हो गई। इसके बाद उसकी पत्नी लीलाबाई ने आकर कहा कि बेटे ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया था और अब उसके पास अंतिम संस्कार का पैसा भी नहीं है।

- यह बुजुर्ग बीते एक महीने से अस्पताल परिसर में ही अपनी पत्नी के साथ लावारिस के तौर पर रह रहा था

# बड़ी मां के सामने बच्ची को बोलेरो कैंपर ने कुचला

**बीकानेर, (निसं)।** यहां तेज रफ्तार बोलेरो कैंपर ने बड़ी मां के सामने सात साल की बच्ची को रौंद दिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी मां ने बच्ची के शव के बिखरे चीथड़े देखे तो बेसुध हो गई। बस में मौजूद लोगों ने उसे संभाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी ली और बच्ची के शव को सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी भिजवाया। हादसे के बाद ड्राइवर बोलेरो कैंपर लेकर फरार हो गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर बोलेरो कैंपर की तलाश में जुटी है। मामला खाजूवाला थाना इलाके का है।

एसएचओ सुरेंद्र प्रजापत ने बताया कि खाजूवाला इलाके के 17 केएचएम गांव निवासी मनीषा (7) अपनी बड़ी मां राजू देवी (40) पत्नी मालाराम भील के साथ प्राइवेट बस में खाजूवाला से अपने गांव जा रही थी। राजू देवी मनीषा का हाथ पकड़कर बस के गेट पर खड़ी थी। उन्होंने बताया कि 18 केजेडी नहर चौराहे पर अचानक बस बेकाबू हो गई और मनीषा का हाथ बड़ी मां राजू देवी से छूट गया और वह बस से नीचे सड़क गिर गई। इस दौरान तेज रफ्तार बोलेरो कैंपर ने उसे रौंद डाला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो के रौंदने से मासूम के शव के चीथड़े बिखर गए।

एसएचओ ने बताया कि हादसे के बाद बोलेरो कैंपर का ड्राइवर गाड़ी भगा ले गया। पुलिस की टीम आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी भी करवाई है।

- बच्ची के शव के चीथड़े देख बेसुध हो गई महिला, मौके पर मोजूद लोगों ने महिला को संभाला

# नशीली टेबलेट के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**सूरतगढ़, (निसं)।** सदर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सोमवार को मेडिकेटेड नशा तस्कर को 160 नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना के उप निरीक्षक ओमप्रकाश मान ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अमृता दुहन के निर्देश पर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस की ओर से 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' अभियान चलाया जा रहा है। इसी को लेकर वे जब थाना स्टाफ के कॉन्स्टेबल हनुमान राम, कुंभाराम, कनीराम, रणजीत सिंह, दिनेश कुमार आदि के साथ गश्त करते हुए सिद्धू वाला से सरदारपुरा बीका गांव की ओर जाने वाली सड़क आम पर पहुंचे तो वहां पुलिस के वाहन को देख एक युवक ने भागने की कोशिश की। संदेह होने पर युवक को जाब्ते की मदद से काबू कर भागने का कारण जाना तो वह घबरा गया। युवक की तलाशी ली तो 160 नशीली टेबलेट ट्रामाडोल बरामद की।

# लूणी क्षेत्र में लकड़बग्गों ने दस लोगों को घायल किया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील के गांवों में पिछले तीन दिन से लकड़बग्गों ने आतंक मचा रखा है। लकड़बग्गों ने अब तक करीब दस लोगों पर हमला कर घायल कर दिया है।

पुलिस और वन विभाग की टीमें लकड़बग्गों के पीछे लगी हुई है। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने दो लकड़बग्गों को मार दिया। तीन-चार और भी आसपास के गांवों में बताए जाते हैं। इनसे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में दहशत बनी हुई है। आज सुबह भी एक व्यक्ति पर लकड़बग्गे ने हमला किया था। वह जख्मी हो गया। ग्रामीण की तरफ से वीडियो बनाकर डाला गया। पहले इनको लेकर ग्रामीणों द्वारा कयास लगाया जा रहा था कि वह अज्ञात जानवर है, मगर धीरे-धीरे स्थिति स्पष्ट होने पर उसका लकड़बग्गे अथवा भेड़िए के होना पता लगा है।

वन्य जीव बचाव दल उड़नदस्ता के अधिकारी गणपत सिंह फॉरेस्टर के अनुसार शिकारपुरा में मृत अवस्था में पाया जानवर भेड़िया अथवा लकड़बग्गा है।

इसके अलावा रविवार रात को काकाणी में मृत अवस्था में भेड़िया मिला था, दोनों को जोधपुर रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया है। आज सुबह लूणी नदी क्षेत्र में तीसरा भेड़िया दिखाई दिया है, जिसको सर्च किया जा रहा है। पांच-छह लकड़बग्गा अथवा भेड़िए हो सकते हैं।

- पुलिस और वन विभाग की टीमें लकड़बग्गों को पकड़ने के पीछे लगी हुई है
- सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने दो लकड़बग्गों को मार दिया

# हिजाब पहनने को लेकर टोंक के जनाना अस्पताल में डॉक्टर व इंटर्नशिप छात्रा में बहस

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (जनाना अस्पताल) टोंक में महिला डॉक्टर और इंटर्नशिप कर रही छात्रा में हिजाब को लेकर बहस हो गई, जिसके अन्तर्गत महिला डॉक्टर ने छात्रा को ड्यूटी के दौरान हिजाब नहीं पहनने के लिए कहा तो छात्रा ने धार्मिक आस्था का विषय बताकर हिजाब में ही ड्यूटी करने की बात कही।

मामला शनिवार का है, जिसका रविवार को वीडियो वायरल होने पर मामले का खुलासा हुआ है, जिसमें डॉक्टर कह रही है कि इंजेक्शन लगाने वाले का चेहरा मरीज को दिखना चाहिए, आपको चेहरा दिखाने में दिक्कत है तो काम नहीं करना चाहिए। घटना पर कांग्रेस नेताओं ने नाराजगी जताते हुए अस्पताल पहुंचकर एमसीएच प्रभारी डॉक्टर विनोद परवेरिया से महिला डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की। जिस पर डॉ. परवेरिया ने नियमानुसार जांच और उचित कार्यवही का आश्वासन दिया।

इस पर डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि मरीज को किसने इंजेक्शन लगाया, इसकी जानकारी मरीज को होनी चाहिए, रिएक्शन हो गया तो कैसे पता चलेगा कि किसने इंजेक्शन लगाया। हिजाब अस्पताल में नहीं पहना जा सकता है, ऐसा बिल्कुल नहीं चलेगा। चेहरा हर समय साफ दिखना चाहिए, इसे मजहब से न जोड़े।

इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में डॉक्टर बिन्दु गुप्ता के सर्मथन में उतकर भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में जनाना अस्पताल में यूनानी इन्टर्न डाक्टर द्वारा लैबर रूम के अंदर वीडियो बनाकर, बिना पहचान के इलाज करने की जिद करने, डाक्टर्स के लिए निर्धारित वेशभूषा, पहचान हेतु नाम पट्टी नहीं लगाने, किसी महिला की गरिमा के खिलाफ वीडियो बनाने, साम्प्रदायिक शान्ति बिगाड़ने एवं उस वीडियो को वायरल करने के आवश्यक विभागीय व कानूनी कार्रवाई की आज भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मांग की।

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि टोंक शहर में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ कर धर्म के नाम पर अस्पताल में अव्यवस्था फेलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संबंध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया है।



भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

- महिला डॉक्टर ने छात्रा को ड्यूटी के दौरान हिजाब नहीं पहनने के लिए कहा तो छात्रा ने धार्मिक आस्था का विषय बताकर हिजाब में ही ड्यूटी करने की बात कही
- मामला शनिवार का है, जिसका रविवार को वीडियो वायरल होने पर मामले का खुलासा हुआ

# महिला की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आया

**चिड़ावा, (निसं)।** करीब एक महीने पहले पिलानी स्थित एक बैंक की असिस्टेंट मैनेजर संगीता की मौत में अब नया मोड़ आ गया है। इस मामले में मृतका असिस्टेंट मैनेजर की मां ने संगीता के पति और जलदायकर्मी मनोज बराला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि पैसों और संपत्ति की लालच में मनोज बराला ने उसकी बेटी की हत्या कर दी। इससे पहले भी कई बार वह उससे मारपीट कर चुका था। मनोज बराला और उसकी मां-बहनों की प्रताड़ना से उसकी बेटी संगीता प्रताड़ित थी। यही कारण था कि मनोज बराला को तो उसके परिवार ने संपत्ति से बेदखल कर रखा था। दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि पिचानवां निवासी मनोज के साथ सगीता की शादी 30 नवंबर 2018 को हुई थी। शादी के बाद से ही मनोज की मां और चार बहनें लगातार संगीता को प्रताड़ित कर रही थी। कई बार संगीता घर छोड़कर अपनी मां के पास भी आ गई। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि मनोज बराला उसकी बेटी के सैलेरी, प्रोपर्टी और गोल्ड पर एक करोड़ रूपए का लोन लेने के दबाव बना रहा था। क्योंकि मनोज बराला को सटोरियों को भुगतान करना था। लोन लेकर पैसे ना देने पर जान से मारने की धमकी भी देता था। 23 अप्रेल को भी लगातार मनोज के दबाव के कारण उसकी बेटी संगीता ने एक प्लॉट अपने पैसों का लेकर मनोज के नाम करवाया था।

एफआईआर में मां ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी ने बताया था कि मनोज अकसर गूगल पर ऐसी चीज या दवा को भी सर्च करता था, जिससे किसी की जान चली जाए और पता भी नहीं चल सके। संगीता ने उसे जब ऐसी चीजें सर्च करने के लिए पूछा तो मनोज बहाना बना देता था। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि 25 जुलाई को भी मनोज ने उसकी बेटी संगीता को ऐसी ही कोई चीज या दवा खिलाकर उसकी हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को मृतका संगीता को पिलानी बैंक में ड्यूटी उसका पति मनोज छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण संगीता की मौत हो गई थी। उस दिन भी दाह संस्कार को लेकर ससुराल-पीहर पक्ष में काफी जद्दोजहद हुई थी। इसके बाद संगीता का दाह संस्कार पीहर चिड़ावा में ही किया गया था। संगीता एक निजी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर थी, जो पहले चिड़ावा थी। इसके बाद उसका तबादला पिलानी हो गया था।

# किसानों का सिंचाई के पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन

**अनूपगढ़, (निसं)।** अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में सोमवार को अनूपगढ़ में किसानों ने एडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसानों ने इंदिरा गांधी नहर परियोजना में सिंचाई पानी की मांग को लेकर एडीएम अशोक सांगवा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

- किसानों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

किसान नेता सुनील गोदारा ने बताया कि पोंग डैम के केचमेंट एरिया में लगातार बारिश हो रही है। सरकार लाखों क्यूसेक पानी पाकिस्तान भेज रही है। राजस्थान कैनाल में 13 हजार क्यूसेक पानी होने के बावजूद तीन में से केवल एक समूह में नहरें चल रही हैं। अनूपगढ़ क्षेत्र में अत्यधिक तापमान और बारिश न होने से फसलें झुलस रही हैं। किसानों ने आईजीएनपी में चार में से दो समूह में सिंचाई पानी की मांग की है। साथ ही गंगनहर में शेयर के मुताबिक पूरा पानी देने की मांग रखी है। किसान नेता राजू जाट ने कहा कि पोंग डैम को 1410 फीट तक भरा जाए। उन्होंने मांग की कि लिंक चैनल के बजाय गंग कैनाल से क्षेत्र के किसानों को पानी दिया जाए।